लोक सभा अध्यक्ष ने राष्ट्र के 73वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

नई दिल्ली, 15 अगस्त 2019: राष्ट्र के 73वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास झंडा फहराया।

देशवासियों को बधाई देते हुए श्री बिरला ने कहा कि आजादी के इस पर्व पर संपूर्ण देश में उल्लास, उमंग और उत्साह का वातावरण है। श्री बिरला ने लोगों से अनुरोध किया कि हम सब मिलकर आजादी के इस पर्व पर संकल्प लेकर इस नए भारत के निर्माण में अपना भी सहयोग दें और नए भारत के निर्माण में सहभागी भी बनें। उन्होंने ने यह भी कहा कि अपने जीवन के अंदर इस देश के लिए समर्पण और त्याग का संकल्प लें।

इससे पूर्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी ने श्री बिरला को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। श्री बिरला ने संसद भवन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल भी चढ़ाए।

इससे पहले स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों के नाम अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा कि : "मैं स्वतंत्रता दिवस के हर्षोल्लास से भरे इस अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह दिवस हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदानों की याद दिलाता है जिन्होंने ब्रिटिश शासन से हमारे देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया था और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपने बहादुर सैनिकों के पराक्रम को नमन करते हैं जो किसी भी आक्रमण से हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं और हमारी अमूल्य स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हैं। मेरी कामना है कि यह दिवस सभी नागरिकों के जीवन में और अधिक प्रगति, समृद्धि और समरसता लाए। हम यह भी संकल्प करते हैं कि हम सभी खतरों से अपने देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे और कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करेंगे ताकि हमारा देश सभी क्षेत्रों में विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करे।"